नाम कमाया चौटाला साहब ने। अध्यक्ष महोदय, प्रदे ा का मुख्य मंत्री वह होना चाहिए जिसका नाम याद आने पर आराम से नींद आ जाए और वह यह समझे कि तेरी जान माल को कोई खतरा नहीं है। तेरी इज्जत महफूज है। तेरे सामने कोई देखने वाला नहीं है। अध्यक्ष महोदय, आप सभी रोजाना अखबारों में पढते थे, रोजाना पब्लिक मीटिंग में चौटाला ने यह बात कहीं कि वह आदमी ही क्या जिसके नाम से हजारों चौंक न पडें। ऐसा मुख्यमंत्री होना चाहिए जिसके नाम से हजारों आदमी चौंक जाएं। क्या ऐसा राज ज्यादा दिन चलेगा ? अध्यक्ष महोदय, हम लोगों के चुने हुए सेवक हैं इसलिए हमारा यह कर्त्तव्य बनता है कि हम लोगों की सेवा करें हमारा कर्त्तव्य यह नहीं है कि हम लोगों के साथ ज्यादती जुल्म और अन्याय करें और लोगों के साथ लूट खसूट करें। अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि जब चौधरी सम्पत सिंह हाउस में बोल रहे थे तो कह रहे थे कि आप कोई सबूत बताएं। मैं कहता हूं कि अगर कोई एक सबूत हो तो बताएं, पूरे महाभारत की पोथी आपकी बनने वाली है। आपने जो कारनामे किए हैं उनकी महाभारत से भी बडी पोथी आप लोगों की बनेगी। हम किस किस का गुनाह बताएं ? यदि आपने प्रदे ा के अन्दर कोई एक गुनाह किया हो तो बताएं। इस प्रदे ा में सिपाही से छोटी नौकरी और क्या हो सकती है ? मेरे पास 20 लोगों के ऐफिडैविट आए हैं कि साहब पिछली सरकार ने हमारे से 30–30 हजार रूपए ले लिए और नौकरी लगाए नहीं मेहरबानी करके वह पैसे तो आप हमारे उल्टे दिलवा दें। मेरे पास ऐफिडैविट आए पडे

हैं। मैं यह बात सच कह रहा हूं। हम आप लोगों को बताएंगे कि आप लोगों ने प्रदे ा की जनता के साथ क्या क्या बेइन्साफी की है। सिपाही की भर्ती हुई, क्लर्कों की भर्ती हुई, कंडक्टर्ज की भर्ती हुई सभी से पिछली सरकार ने पैसे लिए। केवल यही बात नहीं औफिसर्ज को भी आप लोगों ने प्रदे ा के अन्दर इतना जलील करके रख दिया जिसका कोई अंत नहीं है। आप लोगों ने प्रदे ा के अन्दर अपने हिसाब के औफिसर्ज लगा दिए और उन औफिसर्ज के जिम्मे यह लगा दिया कि आप लोगों ने इतने पैसे इकटठे करके हमें देने हैं। डी0सी0 को कह दिया कि पांच लाख रूपए महीने के इकटठे करके हमें देने हैं। कुछ डी0सीज0 के नाम लोगों ने प्रौपर्टी डीलर रखे हुए थे जो जमीनों की लेन देन का काम करते थे। ऐसे कई डी0सी0 हैं जिन्होंने पंचायतों से प्रस्ताव पास करवाया और पंचायतों से प्रस्ताव पास करवा करके इन लोगों के नाम जमीन की बिक्री दिखा करके इन लोगों के नाम कर दी। ऐसे एक नहीं बल्कि कई डी0सी0 हैं, फरीदाबाद में था गुडगांव में था रोहतक में था। यहीं नहीं कुछ औफिसर्ज तो यह भी कहते थे कि चौधरी देवी लाल जी के चार बेटे हैं लेकिन पांचवां बेटा मैं हूं। कोई औफिसर्ज अपने आपको छटा बेटा बता देता और कोई औफिसर सातवां बेटा बता देता। अब हमें चौधरी देवी लाल जी से पूछना पडेगा कि उनके कितने बेटे हैं। हम तो मुि कल में फंसे पडे हैं। कभी चौधरी देवी लाल कहते हैं कि यह ओम प्रका मेरा बेटा को नी। प्रताप सिंह हमारा भाई लागै है, गैलरी में बैठा है, यो कहते हैं मैं देवी लाल का बेटा नहीं। यदि मैं एक मिनट

बाद में पैदा होता तो भाायद अमरीका में पैदा होता। (विघ्न) स्पीकर साहब, अगर इनके पैदा होने में एक मिनट का फर्क रह जाता तो पता नहीं ये कहां पैदा होते। खैर, मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि किस तरह से इन लोगों ने इस प्रदे ा को तथा प्र ाासन को बदनाम करने की कोि ा ा की। अध्यक्ष महोदय, जिस कर्मचारी या अधिकारी की जिम्मेदारी लगा दी जाए कि उसे 5 लाख रूपया इकटठा करना चाहिए तो क्या वह सिफ 5 लाख रूपये ही इकटठा करेगा ? वह तो 10 लाख रूपये इकटठे करेगा और 5 लाख रूपये के बारे में आगे बताएगा। सिर्फ यही नहीं सेल्ज टैक्स वालों का क्या, फूड सप्लाई वालों का क्या डी0सी0 और तहसीलदार क्या अलग अलग पदों के रेट थे और स्टे ान्ज बिकते थे। इस स्टे ान पर लगने के लिए इतने रूपए दो, कहीं तहसीलदार लगना है या एस0डी0एम0 लगना है तो इतना पैसा देना पडेगा। आपको कोई जगह ऐसी नहीं मिलेगी जहां क्र ान की बू न आती हो। पता नहीं कैसे ये लोग सीना तान कर बोलते हैं। इन लोगों को तो लज्जा आनी चाहिए कि इनका किरदार क्या रहा है और इस प्रदे ा के लौगों ने इन्हें क्या फतवा दिया है। जो इनके नेता थे वे आज कहां हैं? कहां है इनका ओम प्रका ा . ..... ? मैं इनसे यह पूछना चाहता हूं कि कहां है इनके चौधरी देवी लाल ? मैं कोई गलत बात तो नहीं कह रहा हूं। जो सही बात है वही कह रहा हूं। स्पीकर सर, इन लोगों ने प्रदे ा में इस तरह का वातावरण बना दिया जैसे भाखडी में बान्दर चालै सै। इन्होंने ऐसा वातावरण प्रदे ा के अन्दर बनाया कि सारे प्रदे ा

का सत्याना ा कर दिया। आज ये कहते हैं कि अफसरों की बदली कर दी। क्या हम ऐसे अफसरों की बदली नहीं करेंगे जिन्हें आपने इतना करप् ान में डुबो दिया जिसका कोई अन्त नहीं है। ये अफसर क्या करेंगे ? अध्यक्ष महोदय, जिले के सब अधिकारी करप्ट कर दिए। फरीदाबाद और गुडगांव इण्डस्ट्रियल एरियाज में जाते थे और कहते थे कि टर्न ओवर पर एक परसैंट हमें मिलना चाहिए। स्पीकर साहब, आप जानते हैं कि बडी बडी फैक्टरीज की टर्न ओवर करोडों और अरबों रूपयों में होती है लेकिन इसमें घाटा भी हो सकता है। लेकिन इन्हें घाटे से कोई मतलब नीं इन्हें तो टर्न ओवर का एक परसैंट चाहिए। स्पीकर साहब, मेरी जानकारी में है कि एक आदमी बेचारा 10 लाख रूपये लेकर आया और कहा कि मेरे पास तो 10 लाख ही बने हैं तो उसे कहा गया कि यह 10 लाख तो यहां रख दे बाकी कल लेकर आना। उससे दस लाख रूपये भी वहीं रखवा लिए कि कहीं ये भी वापिस न ले जाए। मैं इस बात को साबित कर सकता हूं। उस आदमी ने मुझे खुद आकर बताया था। मुझे यह तो पता नहीं है कि वह आदमी बयान दे सकेगा या नहीं क्योंकि पता नहीं उसके पास पक्का अकाउंट है या नहीं, इस बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता लेकिन मैं यह बात औन ओथ कह रहा हूं। स्पीकर साहब, उस आदमी ने कहा साहब मैं गया और उसने कहा कि 50 लाख रूपये चाहिएं। मैं बडी मु कल से 10 लाख रूपये का प्रबन्ध कर पाया था। उन्होंने यह नहीं कहा कि ये 10 लाख रूपये वापिस ले जाओ। वह 10 लाख रूपये तो वहां रखवा लिए और कहा कि 40 लाख रूपये

कल लेकर आना। उन्हें भाायद यह अन्दे ाा था कि कहीं 10 लाख रूपये ले जाए और फिर वापिस ही न आए। (विघ्न) स्पीकर सर, मैं इन्हें यह बताना चाहता हूं कि अगर मुझ में कोई कमी होती तो मैं दोबारा यहां नहीं आ सकता था। हम क्या करें, हमारे पास से ऐसे लोग प्रवास करते जा रहे थे, हम इनको ठीक करने में लगे रहते थे, इसलिए किसानों की तरफ भाायद जयदा ध्यान न दे पाए हों।

वैयक्तिक स्पश्टीकरण–

(1) प्रो0 छत्तर सिंह चौहान द्वारा–

प्रो0 छत्तर सिंह चौहानः डिप्टी स्पीकर साहब, अभी माननीय चौधरी अमर सिंह ने मेरे ऊपर आरोप लगाया था कि मैं भी कांग्रेस में आना चाहता था। मैं आपके द्वारा सदन को बताना चाहता हूं कि ये तो वह बात कर रहे हैं कि किसी आदमी का नाक कट गया, तो उसके बाद वह कहने लगा कि नाक कटने के बाद भगवान दिखाई देता है। उसकी बात सुन कर एक किसान ने नाक कटवा लिया। जब नाक कटवाने के बाद उसे भगवान नहीं दिखा तो वह कहने लगा कि कोई भगवान दिखाई नहीं देता, यह तो अपना पंथ बनाने के लिए ऐसी बात कह रहा था। इस सदन में तो वे कह दें वरना मैं कहता हूं कि अगर मैंने इधर से उधर जाने के लिए सोचा हो तो मैं कोई उल्लू नहीं हूं। (विघ्न)

(2) श्री अमर सिंह द्वारा–

श्री अमर सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, चीफ मिनिस्टर साहब बैठे हुए हैं और राम भजन जी अग्रवाल और धर्मपाल सिंह जी भी बैठे हैं। इन्होंने दो बातें रखी थीं। एक तो इन्होंने यह भार्त रखी कि एजुके ान बोर्ड के चेयरमैन बीर सिंह को हटा दिया जाए और मेरे को बना दिया जाए। दूसरी भार्त यह रखी कि मेरे लडके को एक्साइज एण्ड टैक्से ान इंस्पैक्टर बना दिया जाए तो मैं कांग्रेस में आने के लिए तैयार हूं। आज ये अपनी भार्म उतारने की बात कर रहे हैं। अगर यह बात सही न हो तो मैं आज ही इस्तीफा देने के लिए तैयार हूं। (ाोर)

दि हरियाणा किसान पास बुक बिल, 1994 (पुनरारम्भ)

प्रो0 छत्तर सिंह चौहानः डिप्टी स्पीकर साहब, चौधरी अमर सिंह जी ने मेरे ऊपर आरोप लगाया है। (ाोर) मुख्य मंत्री जी ने उस समय एक ऐसे आदमी को चेयरमैन लगाया हुआ था जिसने लूट मचा रखी थी।

12.00 बजे।

आप ऐसे आदमी को सिकी संदूक में बंद कर दो। मुख्य मंत्री जी ने उस आदमी को बोर्ड का चेयरमैन लगाया हुआ था। वह मुख्य मंत्री जी का चहेता था (ाोर)

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, आप उनके साथ हैं या मैं उनके साथ हूं, यह कोई कहने वाली बात नहीं है। (विघ्न) ठीक है, कल बता देंगें कि उन्होंने क्या कहा है ?

अध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि हमारे समय में उस हवलदार की मौत नहीं हुई। हमारे समय में तो उसके लडकी की नौकरी लगी है। अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा, इन्होंने ला एण्ड आर्डर के बारे में कहा। इसके बारे में तो गुप्ता जी बता चुके हैं। इसी तरह से राम रतन जी ने नहरों के बारे में कहा। इसी तरह से नारनौल में अनाज मंडी की बात है।

श्री अमर सिंहः स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री जी यह भी बता दें कि ि ाडयूल्ड कास्टस का जो बैकलाग है, उसको कैसे पूरा कर रहे हैं इसी तरह से एच0सी0एस0 की भी ि ाडयूल्ड कास्टस के लोगों में से भर्ती होनी चाहिए।

चौधरी भजन लालः ठीक है, यह भी अभी बता देंगे। इसके अलावा, राम बिलास भार्मा जी ने पुलिस के बारे में कहा कि पुलिस का मनोबल नीचा नहीं होना चाहिए। मैं इनको बताना चाहूंगा कि हमने हमे ाा पुलिस का मनोबल ऊंचा रखा है। अगर पुलिस के खिलाफ कहीं पर कार्यवाही कर दी गयी है तो हम उसका पता लगायेंगे। इसी तरह से इन्होंने नगरपालिका के बारे में जिक्र किया कि यमुना नगर और रोहतक में यह हो रहा है, वह हो रहा है। यह बात तो ये भी जानते हैं कि यह प्रजातंत्र है, जिसका बहुमत होगा और जिसको लोग चाहेंगे, वही रहेंगा। अगर बहुमत नहीं होगा तो हटना ही पडेगा। सरकार कोई भी गलत काम नहीं करती जिससे आपकी पार्टी को कोई ि ाकायत हो। इसके अलावा, इन्होंने कहा कि यह गांव उस ब्लाक में कर दिया, उस तहसील में

कर दिया, लेकिन मैं इनको बताना चाहता हूं कि हम भी यही चाहते हैं कि तहसील और डिस्ट्रिक्ट एक ही होना चाहिए। इसके लिए अब फैसला भी हो चुका है लेकिन फिर भी इनको कहीं पर ऐसी ि ाकायत है तो हमें यह लिख कर दे दें, हम ठीक करा देंगे। (विघ्न)

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): उपाध्यक्ष महोदय, अध्यक्ष महोदय, मेरे साथियों ने ला एंड आर्डर की बात भी की। लेकिन मैं इनको बताना चाहूंगा कि हमारी सरकार ने ला एण्ड आर्डर पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया है। पिछली सरकार के समय में लोग बहुत ही दुखी थे, यह हम ही नहीं कहते हैं बल्कि सारे हरियाणे के लोग कहते हैं। अगर हम यह बात कहें कि उस समय विकास के कार्य नहीं हुए थे तो भाायद लोग बर्दा त भी कर लें लेकिन इनके समय में तो लोगों का जीना ही दूभर हो गया था, गरीब लोगों की जमीनों पर कब्जे कर लिये गये थे, बहन बेटियों की इज्जत पर हाथ डाला जाता था। इस तरह इनके समय में लोग बहुत दुखी हो गये थे और कहते थे कि उनसे कौन सा ऐसा जुल्म हो गया है जिसकी सजा उन्हें मिल रही है। वे कहते थे कि जल्दी से जल्दी उन्हें इस सरकार से छुटकारा मिलना चाहिए। इस तरह से उन सभी गरीब लोगों की आवाजें भगवान के घर गयीं और लगभग साढे तीन साल के बाद ही प्रदे ा में इलैक ान हुआ और उस इलैक ान में हरियाणा की जनता ने इनके खिलाफ फतवा दिया। स्पीकर साहब, यह फतवा ला एंड आर्डर खराब होने

की वजह से प्रदे ा की जनता ने दिया था हो सकता था कोई छोटी मोटी घटना घट जाती और वह इसलिए क्योंकि इन्होंने प्रदे ा में बडे बडे डैकैत पैदा कर दिये थे, बडे बडे चारे पैदा कर दिये थे, बडे बडे ग्रीन बिग्रेड के सिपाही पैदा कर दिये थे। अब सरकार इन सभी को तला ा कर रही है। आज कोई नहीं कह सकता कि जमीनों पर कब्जे होते हैं, किसी की बहन बेटी की इज्जत पर हाथ डाला जाता है। आज किसी की हिम्मत नहीं है कि कुछ भी सौदा खरीद कर ताऊ के खाते में डाले।

डा0 राम प्रका ा: उपाध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जो पटवारी अपनी मर्जी से गिरदावरी काट लेते हैं तो क्या उनको पनिम ामैंट देने के लिए भी इसमें कोई प्रावधान रखा गया है ?

श्री निर्मल सिंह: उपाध्यक्ष महोदय, अगर कोई ऐसा करता है तो उसको पनि ामैंट तो मिलेगी ही।

Mr. Deputy Speaker: Question is-

That the Haryana Kisan Pass Book Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Deputy Speaker: Now, the House will take up the Bill clause by clause.

Sub-Clause (2) and (3) of Clause 1

Mr. Deputy Speaker: Question is-

That Sub Clause (2) and (3) of Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 2 to 15

Mr. Deputy Speaker: Question is-

That clauses 2 to 15 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Sub-Clause (1) of Clause 1

Mr. Deputy Speaker: Question is-

That Sub Clause (1) of Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Mr. Deputy Speaker: Question is-

That the Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Deputy Speaker: Question is-

That the title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Mr. Deputy Speaker: Now, the Minister will move that the Bill be passed.

Revenue Minister (Sh. Nirmal Singh): Sir, I beg to move-

That the Bill be passed.

Mr. Deputy Speaker: Motion moved-

That the Bill be passed.

Mr. Deputy Speaker: Question is-

That the Bill be passed.

The motion was carried.

(3) दि हरियाणा म्यूनिसिपल (अमैंडमैंट) बिल, 1994

Mr. Deputy Speaker: Now, the Minister of State for Local Government will introduce the Haryana Muncipal (Amendment) Bill 1994 and also move that the Bill be taken into consideration at once.

Minister of State for Local Government (Ch. Dharambir Gauba): Sir, I beg to introduce the Haryana Municipal (Amendment) Bill, 1994.

Sir, I also beg to move-

That the Haryana Muncipal (Amendment) Bill 1994 and also move that the Bill be taken into consideration at once.

Mr. Deputy Speaker: Motion moved-

That the Haryana Muncipal (Amendment) Bill 1994 and also move that the Bill be taken into consideration at once.

प्रो0 राम बिलास भार्मा (महेन्द्रगढ): उपाध्यक्ष महोदय, अभी लोकल बौडीज मिनिस्टर जी ने बिल सदन की पटल पर रखा है, वह नगरपालिकाओं से संबंधित है। इससे यह खद ाा जाहिर होता है कि यह जो प्रस्ताव रखा गया है, वह नगरपालिकाओं को भंग करने के लिए रखा गया है।

श्री उपाध्यक्ष: राम बिलास जी, आप बाद में बोल लेना।

प्रो0 राम बिलास भार्मा: उपाध्यक्ष महोदय, यह बिल मिनिस्टर साहब ने रखा है और इस पर चर्चा होनी चाहिए।

श्री उपाध्यक्ष: ठीक है। आप सिर्फ बिल पर ही बोलें।

प्रो0 राम बिलास भार्मा: सर, यह भी बिल से जुडी हुई बात है। एक तरफ तो जो पार्लियामैंट में नगरपालिकाओं के बिल में सं ाोधन किया गया है। उसके बारे में मंत्री जी यहां पर प्रतिपादित कराना चाहते हैं लेकिन ये उसके साथ साथ एक प्रस्ताव और भी ले आए हैं कि सारी हरियाणा की नगरपालिकाओं को भंग किया जाए।

Mr. Deputy Speaker: Question is-

That the Haryana Muncipal (Amendment) Bill 1994 and also move that the Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

वाक आउट

चौधरी बंसी लालः उपाध्यक्ष महोदय, मुझे इस बिल के बारे में कुछ और बातें कहनी हैं इसलिए इनको पास करने से पहले मुझे बोलने का समय दिया जाए। (ाोर)

(इस समय हरियाणा विकास पार्टी के उपस्थित माननीय सदस्य सदन से वाक–आउट कर गए।)

प्रो0 राम बिलास भार्माः डिप्टी स्पीकर साहब, इस बिल को पास करने की इतनी जल्दी क्या है। आप हमें इस बिल पर बोलने के लिए समय दें। (ाोर) अगर आप मुझे बोलने के लिए समय नहीं देते तो मैं एज ए प्रोटैस्ट सदन से वाक आउट करता हूं। (ाोर)

(इस समय माननीय सदस्य सदन से वाक आउट कर गए)

दि हरियाणा म्यूनिसिपल (अमैंडमैंट) बिल, 1994 (पुनरारम्भ)

चौधरी धर्मबीर गाबाः स्पीकर साहब, इस बिल पर मैं एक अमैंडमैंट मूव करना चाहता हूं।

श्री उपाध्यक्षः क्या हाउस सहमत है कि अमैंडमैंट मूव कर दी जाये ?

आवाजें: ठीक है जी, मूव कर दी जायें।

श्री उपाध्यक्षः अब मन्त्री जी अपनी अमैंडमैंट मूव कर दें।

Minister of State for Local Government (Ch. Dharambir Gauba): Sir, I beg to move-

That in the Haryana Municipal (Amendment) Bill, 1994 for hte words "Nagar Panchayat" wherever occuring, the 'words' "Municipal Committee" shall be substitued."

Mr. Deputy Speaker: Motion moved-

That in the Haryana Municipal (Amendment) Bill, 1994 for hte words "Nagar Panchayat" wherever occuring, the 'words' "Municipal Committee" shall be substitued."

Mr. Deputy Speaker: Question is-

That in the Haryana Municipal (Amendment) Bill, 1994 for hte words "Nagar Panchayat" wherever occuring, the 'words' "Municipal Committee" shall be substitued."

The motion was carried.

Mr. Deputy Speaker: Now, the House will take up the Bill clause by clause.

Clause 2 to 43

Mr. Deputy Speaker: Question is-

That clauses 2 to 43 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Deputy Speaker: Question is-

That Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Mr. Deputy Speaker: Question is-

That the Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Deputy Speaker: Question is-

That the title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Mr. Deputy Speaker: Now, the Minister of State for Local Government will move that the Bill, as amended, be passed.

Minister of State for Local Government (Ch. Dharambir Gauba): Sir, I beg to move-

That the Bill, as amended, be passed.

Mr. Deputy Speaker: Motion moved-

That the Bill, as amended, be passed.

Mr. Deputy Speaker: Question is-

That the Bill, as amended, be passed.

The motion was carried.

(4) दि हरियाणा पंचायती राज बिल, 1994

Mr. Deputy Speaker: Now, the Development and Panchayats Minister will introduce the Haryana Panchayati Raj Bill, 1994 and also move that the Bill be taken into consideration at once.

Development and Panchayat Minister (Rai Bansi Singh): Sir, I beg introduce the Haryana Panchayati Raj Bill, 1994.

Sir, I also beg to move-

That the Haryana Panchayati Raj Bill be taken into consideration at once.

Mr. Deputy Speaker: Motion moved-

That the Haryana Panchayati Raj Bill be taken into consideration at once.

चौधरी बंसी लाल (तो ाम): उपाध्यक्ष महोदय, ये दोनों लि ही हमें परसों रात को मिले हैं। इनको हमें पढने का मौका ही

नहीं मिला। जब हम इसको पढ ही नहीं पाये तो बिना पढे हम क्या सुझाव देंगे। इसमें मेरा सुझाव है कि इस बिल को सिलेक्ट कमेटी को भेज दियाजाए जो इस पर अच्दी तरह से विचार कर सके। लेकिन इसमें कुछ ऐसी बातें हैं जिनके बारे में स्पश्टीकरण किया जाना जरूरी है। हम महिलाओं के, बैकवर्ड जातियों के या हरिजन भाईयों के आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन इसके तरीके ऐसे अख्तयार किए जाने चाहिएं जिससे लोग यह महसूस न करें कि हरिजन हमारे सिर पर बैठ गया। महिला हमारे सिर पर बैठ गई। अब ये जो वार्ड बंदी करेंगे तो जो एक आरक्षण में आ जाएगा वह तो 10 साल तक आरक्षण में रह जायेगा। मेरा प्रस्ताव यह है कि सरपंच का चुनाव इन्डीपैंडटली हर साल रोटे ान करके कर लिया जाये। एक बार हरिजन बन जाए, एक बार महिला बन जाए और एक दो बार जनरल या दूसरा कोई बन जाए।

13.00 बजे।

एक बात इसमें भाराब के बारे में है कि ग्राम पंचायत यदि एक बार कोई प्रसताव पास कर दे कि हमारे यहां पर भाराब का ठेका नहीं होना चाहिये तो फिर उसकी ओवर राईडिंग की पावर जो एक्साइज एण्ड टैक्से ान कमी ानर को दी गई, वह न हो बल्कि जो पंचायत प्रस्ताव एक बार पास कर देती है, उसको माना जाये। ओवर राईडिंग पावर्ज एक्साईज एण्ड टैक्से ान कमि नर को देने का मतलब यह होगा कि एक्साईज एण्ड टैक्से ान कमि नर को तो ठेके खोलने ही हैं, वह तो ठेके से

मुकरेगा ही नहीं। उपाध्यक्ष महोदय, ताज्जुब की बात तो यह है आज सवेरे इस बिल पर अमैंडमैंट देने के लिये स्पीकर साहब के आफिस में गए तो प्रोफैसर छतर सिंह चौहान जी को बताया गया कि बिल पर अमैंडमैंट कंसिड्रे ान के लिये 48 घंटे पहले आनी चाहिये। अभी तो बिल हमें मिले हुए भी 48 घंटे नहीं हुए हैं फिर 48 घंटे पहले हम अमैंडमैंट कैसे दे सकते थे। बिल हमें मिले हुए अभी 36 घंटे हुए हैं और अमैंडमैंट आप कहते हैं कि 48 घंटे पहले आनी चाहिए। आपके बिल से क्या हमें सुगन्धि आ गई थी कि इसमें यह होगा। उपाध्यक्ष महोदय, आपको हमारी अमैंडमैंट एडमिट करके उस पर विचार करना चाहिए। हाउस में उसको कंसिड्रे ोन के लिये लाना चाहिए ताकि उस पर डिबेट हो सके। उपाध्यक्ष महोदय, एक चीज यह है कि इसमें जो सस्पैं ान की क्लाज है वह बिल्कुल हटाई जानी चाहिए। आज हरियाणा में भारी तादाद में पंच और सरपंच सस्पैंडिड है। इस बजट स्पीच में ला एण्ड आर्डर के बारे में पेज 17 पर खास तौर पर कहा गया है। इस बात को हम जरूर देख लेंगे अगर बी0एस0एफ0 को कोई आपत्ति होगी तो हम उसको ठीक कर सकते हैं। और यदि चन्द्र ोखर जी को कोई आपत्ति होगी तो उसको भी ठीक कर सकते हैं। बी0एस0एफ0 को इतने साल में जब कोई रूकावट नहीं आई तो मैं समझता हूं कि आगे भी नहीं आनी चाहिए। अगर फिर भी कोई ऐसी बात है तो उसको दिखा लेंगे।

अध्यक्ष महोदय, यहां पर कई मुददे उठे। सबसे पहले मैं महम के बारे में जिकर करना चाहता हूं। जिन अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज हैं उनको सस्पैंड किया है। सस्पैंड ही नहीं उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही भाुरू की है। चाहे वह भिवानी का इलैक ान कांड है, चाहे वह मेहम का कांड है, जिन अधिकारियों के खिलाफ किसी दफा के तहत केस दर्ज हुआ है, सबके खिलाफ पूरी जांच करके कानूनी कार्यवाही की जायेगी, उन सबके खिलाफ कानून के मुताबिक कार्यवाही होगी। किसी को माफ करने का कोई सवाल ही नहीं। जहां तक सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात है वह तो करेंगे ही लेकिन सियासी आदमियों को यदि छोड देंगे तो यह बात कोई अच्छी बात नहीं होगी। अध्यक्ष महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूं कि किन किन के खिलाफ एफ0आई0आर0 दर्ज हैं। ये एफ0आई0आर0 हमारे समय की नहीं, इनके समय की हैं। भिवानी में एफ0आई0आर0 दर्ज हुई, डी0आई0जी0 खान के खिलाफ। मुकदमा नं0 147 दिनांक 22–11–89 – 307 आई0पी0सी0। इसमें धर्मवीर के खिलाफ भी है। लाला के खिलाफ भी है। एस0ए0 खान के खिलाफ भी है। (विघ्न) दूसरा मुकदमा नं0 492 है। यह दिनांक 22–11–89 का है। इसमें धर्मवीर है, उसका भाई राजवीर है और डी0आई0जी0 खान है। एक मुकदमा नं0 493 है। दिनांक 22–11–89 का 302 का है। यह धारा 148, 149 का है। इसमें चौधरी बंसी लाल जी और सुरेन्द्र सिंह जी हैं। मुकदमा नं0 108–48 दिनांक 12–11–89। इसमें चौधरी बंसी लाल जी, महेन्द्र सिंह और सुरेन्द्र सिंह जी का

नाम हैं। इसके अलावा मेहम कांड में मुकदमा नं0 75 दिनांक 1–3–90 है धारा 436, 342, 148, 149 और 427 आई0पी0सी0। इसमें दोशी हैं महेन्द्र सिंह लाठर, सम्पत सिंह, जयप्रका ा और श्री सुखदेव राज डी0एस0पी0। जिनके नाम एफ0आई0आर0 में दर्ज हैं। ये एफ0आई0आर0 उस समय की है जब ये गृह मंत्री थे। मेरे टाईम की नहीं है। फिर मुकदमा नं0 76 दिनांक 3–1–90 है जो जेरे दफा 302, 307, 149 और 148 है। इसमें अभय सिंह पुत्र ओम प्रका ा चौटाला, भाम ोर सिंह, डी0आई0जी0, सुखदेव राज डी0एस0पी0। मुकदमा नं0 164 दिनांक 8–7–90 जेरे दफा 302, 307 और 120बी के तहत है। इसमें ओम प्रका ा चौटाला, वाई0एस0नकई, करतार सिंह तोमर, जिले सिंह, बीर सिंह डी0एस0पी0 और ओम प्रका ा इन्सपैक्टर तथा प्रेम सिंह सब इन्सपैक्टर हैं। अध्यक्ष महोदय, इन लोगों के खिलाफ मुकदमें दर्ज हैं। अध्यक्ष महोदय, हम सरकारी औफिसर को तो एक मिनट में सस्पैंड कर दें और उनके खिलाफ कार्यवाही कर दें और सियासी आदमियों को यदि छोड दें क्योंकि वह सियासी आदमी हैं तो ठीक नहीं है। जहां तक कानून इजाजत देगा हम उनके खिलाफ भी कार्यवाही करेंगे और बदले की भावना से कोई काम नहीं करेंगे लेकिन जो लोग कानून की गिरफत में आएंगे चाहे वह कितना ही बडा व्यक्ति हो उसको माफ करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि 22 तारीख को जो मुकदमा दर्ज हुआ है वहां पर ग्रीन ब्रिगेड वालों की गोलियों से लोग मरे थे और घायल हुए थे। वह भी इन मुकदमों के साथ

भाामिल करने की कृपा करें। उसमें सम्पत सिंह, जयप्रका ा और श्री तोमर भाामिल हैं। पुलिस ने हमारी रिपिटिड रिक्वैस्ट के बाद भी वहां के एस0पी0, श्री तोमर ने इन सबके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने से इंकार कर दिया था और उल्टा मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने जो बात कही है इस बारे में मैंने सुना तो है क्योंकि हिसार मेरा अपना जिला है। वहां पर गोलियां चलने से आदमी मारे गए। उसके बारे में भी हम जरूर दुबारा जांच करवाएंगे और जो भी दोशी होगा उसके खिलाफ पूरी कार्यवाही सरकार करेगी।

अध्यक्ष महोदय, यहां पर सुप्रिया कांड का भी जिक्र आया है। यह एक ऐसा कांड है जो इंसान का दिल दहलाता है। एक पुत्रवधु की जबकि स्टेट के चीफ मिनिस्टर चौधरी देवी लाल खुद हों और वे मौके पर भी हाजिर हों यदि हत्या हो जाये तो उसके बारे में क्या कहा जा सकता है ? मैं आपको बताता हूं कि जब चौधरी देवी लाल जी अबूब भाहर में काला तीतर में ठहरे हुए थे तो उनको इस घटना की जानकारी दी गई। जहां पर वे ठहरे हुए थे वहीं पर उनको बताया गया कि आपके पोते ने आपकी बहू को मार दिया है तो वहां से चौधरी देवी लाल जी काफी गुस्से में चले और जब वे कार से उतरे तो 20 आदमी मौके पर खडे थे और कहने लगे कि कडै है वह हरामजादा अभय सिंह, उसने हमारी बहू ने मार दियो बोल्यो (जिसने अपनी बहु को मार दिया है)। उस समय उनको पकड कर दूसरे आदमी अन्दर ले गए कि

बाहर आदमी सुन रहे हैं, घर का मामला है, मु कल हो जाएगी इसको पर्दे में रखो। फिर लोग अन्दर गए और जिन लोगों ने वहां देखा उन्होंने कहा कि साहब एक नहीं तीन तीन गोलियां चली हैं। एक गोली भी ी में लगी है दूसरी गोली कुछ उसको लगी और कुछ चारपाई में लगी। तीसरी गोली उसको लगी। फिर कहते हैं कि खुदक ी कर ली। मरने वाला कभी भी 3–3 गोलियां नहीं चला सकता। एक गोली माथे में मारेगा और उसके साथ ही उसका काम पूरा हो जायेगा। वहां पर तीन तीन गोलियां चली हैं और फिर कहते हैं कि पोस्ट मार्टम हमने करवाया है। उसके मां बाप को रात के तीन बजे लाया गया और फिर सुबह 7.00 बजे ही दाह संस्कार कर दिया। उसका पोस्ट मौर्टम कतई नहीं हुआ। मैं उसी के जनदीक इलाके का रहने वाला हूं। मेरी सैकडों रि तेदारी उस इलाके में है। जगदी ा नेहरा जी वहां से आते हैं। एक मेरे भाई लछमन दास अरोडा जी भी वहां के रहने वाले हैं पोस्ट मौर्टम हुआ नहीं। हम इनसे पूछना चाहते हैं कि क्या उस केस में कुछ हुआ। मैं बताना चाहूंगा कि खुदक ी अगर कोई करता है तो उसके खिलाफ भी एफ0आई0आर0 दर्ज की जाती है और जांच की जाती है कि किन हालात में खुदक ी हुई है और इसमें कौन दोशी है। ये उसकी जांच करवाते और बताते कि उसका कोई दोश था या नहीं। जब किसी का दोश नहीं पाया जाता तो एफ0आई0आर0 कैंसिल भी हो सकती है। एफ0आई0आर0 भी दर्ज न करें और पोस्टमौर्टम भी न करें और फिर बूढे मां बाप को बुला करके और उनको डरा धमका करके

अपनी बात मनवा लें। अभय सिंह का ससुर जो 80 साल का है, वह क्या करता ? उसने कहा कि कोई बात नहीं जो परमात्मा की होनी थी वह हो गई। वह देहाती आदमी है उसने कहा कि ठीक है। फिर इन्होंने कहा कि हमारी इज्जत बचाने के लिए अपनी दूसरी बेटी भी दे, नहीं तो लोग कहेंगे कि जरूर मार दी ? दूसरी बेटी के साथ भी इन्होंने रि ता कर लिया। लडकी की मां अभी तक कहती है कि मेरी बेटी पर बडा जुल्म हुआ है। एक आदमी के पास इसका टेप है। मैं दावे के साथ तो इस सदन में नहीं कह सकता। उस आदमी ने मुझे बताया कि उसने इसे टेप करने की कोि ा ा की। अभय सिंह की सास ने कहा कि मैं तो इस घर में डांगर भी कोना बैचूं। यह हमारी मारवाडी भाशा है। इसका मतलब यह है कि मैं तो इसके घर में प ाी भी नहीं बेचूं बेटी देने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। इस घर में तो मेरी बेटी की इस तरह से हत्या हुई है। स्पीकर सर, अगर ये बेईमान नहीं थे या बिल्कुल दूध के धोये थे तो इन्हौंने जांच क्यों नहीं करवाई। इनका फर्ज बनता था कि सी0बी0आई0 से जांच करवाते। इन्हें अहसास होना चाहिए था कि ''मैं प्रदे ा का चीफ मिनिस्टर हूं, कल को लोग मेरे ऊपर उंगली उठाएंगे इसलिए इसकी जांच सी0बी0आई0 से करवाई जाए।'' मेरे खिलाफ लोगों ने मेंमोरेन्डम दिया। मैंने खुद प्रधान मंत्री जी से कहा कि मेरे खिलाफ कमी ान बिठाईये ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए नहीं तो लोग भाोर मचाते रहेंगे। मैंने खुद कह कर कमी ान बिठवाया था और कमी ान ने मुझे निर्दोश ठहराया। अगर इनमें हिम्मत थी तो ये

कमी ान बिठाते तथा इस बात को लोगों में साबित करके दिखाते कि चौधरी देवी लाल बिल्कुल बेकसूर हैं और हम भी मान जाते। कमी ान न बिठाते, सी0बी0आई0 से ही इन्कवायरी करवा लेते फिर भी हम इन्हें निर्दोश मान लेते। इनके खिलाफ करप् ान के और कई दूसरे सीरियस चार्जिज हैं क्या इन्होंने कहा है कि ''मेरे खिलाफ कमी ान बिठाईये।'' अगर आज भी ये कमी ान बिठाना मान लें तो फिर भी हम मान लेंगे कि ये बडे ईमानदार हैं। स्पीकर साहब, हम साबित करके दिखाएंगे इन्होंने अपने 4 साल के भाासन में किस तरह से और किस प्रकार के अन्याय और जुल्म लोगों के साथ किये हैं और किस तरीके से इन्हों ने नाजायज सम्पत्ति बनाई है। सारे प्रदे ा के लोग जानते हैं कि किस तरह का माहौल और किस तरह के हालात इन लोगों ने प्रदे ा में पैदा किये। अध्यक्ष महोदय, इसके साथ ही साथ किस तरह से इन के छोटे बेटे जगदी ा ने खेत में रहने वाले एक गरीब आदमी की बीबी के साथ बलात्कार किया। इस बात को सारा दे ा जानता है। अध्यक्ष महोदय, इस समय सारा सदन बैठा हुआ है, जगदी ा के बारे में पता करवा लें कि वह 24 घण्टे भाराब के न ो में रहता है। रात को पीकर सोता है और सवेरे बची हुई बोतल से ना ता करता है। यह बात मैं आप को औन औथ कहता हूं क्योंकि वह मेरे पडौस में रहता है। सवेरे ना ता भाराब से करता है, फिर दोपहर को पी लेता है और भााम से फिर पीना भाुरू हो जाता है। उसने उस गरीब औरत के साथ बलात्कार किया, उनको घर से नहीं निकलने दिया और फिर पुलिस वहां बैठी रही। बडी मु कल से

रात को छुप कर वह वहां से निकला और जगदी ा नेहरा उसको साथ लेकर मेरे पास दिल्ली आए। उस गरीब आदमी ने मुझे बताया कि उसके साथ यह बुरा हाल हुआ है। हम लोग राश्ट्रपति से मिले। राश्ट्रपति जी को हमने पूरा ज्ञापन बना कर भी दिया। अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि राश्ट्रपति की कितनी मर्यादा होती है और कहां तक वह किसी मामले में कार्यवाही कर सकते हैं। उन्होंने मामला नीचे गवर्नमैंट को भेजा और गवर्नमैंट ने उठा कर उसे ठण्डे बस्ते में डाल दिया या फाड कर फैंक दिया होगा।

अध्यक्ष महोदय, सिरसा जिला चौधरी देवी लाल का खुद का जिला है लेकिन सिरसा के कितने ही पत्रकारों के खिलाफ झूठे मुकदमें दर्ज किए गए और अनेक पत्रकारों को जेल में डाल दिया गया। ये इन लोगों के कारनामें हैं जो कहा करते थे "सारे पत्रकारों ने ही दे ा आजाद करायो है" आज ये कैसी भाशा का इस्तेमाल करते हैं। पत्रकारों का तो सम्मान होना चाहिए लेकिन इन लोगों ने पत्रकारों का यह सम्मान किया कि उनके खिलाफ झूठे मुकदमें बना कर उन्हें जेलों में बन्द किया।

अध्यक्ष महोदय, पुलिस भर्ती की बात भी आई। पुलिस के बारे में एक बात चौधरी बंसी लाल जी ने कही कि पुलिस की ऐसोसिये ान होनी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं सर्टिफिके ान आफ राईटस ऐक्ट, 1966 के अधीन पुलिस यूनियन के गठन पर पाबन्दी लगी हुई है। अध्यक्ष महोदय, हमारी पुलिस बहुत बहादुर है और उनके कारनामें बहुत अच्छे हैं। सिपाही से

लेकर ऊपर तक हम उनको बडा भारी सम्मान करते हैं। अध्यक्ष महोदय, पुलिस और फौज दो ऐसे महकमें हैं जहां अगर यूनियन बनाने की प्रथा चल पडी तो मुल्क में अमन नहीं रह सकेगा और बडी मु कल खडी हो जाएगी। हमें जितने भी पुलिस के कर्मचारी या अधिकारी हैं उन सबसे पूरी हमदर्दी है। अगर उनकी कोई ऐनोमली है चाहे वह वेतन में है, चाहे प्रमो ान में है या और किसी किस्म की ज्यादती है तो हम उसको ठीक करेंगे और पुलिस कर्मचारियों को कोई गिला नहीं रहने देंगे कि उनके साथ कोई अन्याय हो गया है। अध्यक्ष महोदय, इस मामले पर हम चाहेंगे कि बहुत गहराई से विचार करना होगा। पुलिस और फौज का मामला दूसरे तरीके का है। हम इस पर जरूर गौर करेंगे और जो ठीक बात होगी वह करेंगे। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है और खासतौर से इस हाउस के सभी महानुभावों से कि फौज और पुलिस के मामले में हमें स्वायतता की बात नहीं करनी चाहिये ताकि वातावरण और अमन में कोई बाधा बडे। ऐसा माहौल हमें नहीं बनाना चाहिये। कर्मचारियों की हालत देखकर मुझे यह भोयर याद आता है –

"याद रहते हैं बुरे वक्त के साथी किस को,

सुबह होते ही चिरागों को बुझा देते हैं।"

1987 में इन कर्मचारियों ने अपनी नौकरियों को खतरे में डाल कर न्याय युद्ध में हिस्सा लिया था। फौज का तो हमें न

अधिकार है और न वह स्टेट के मातहत है। पुलिस की ऐसोसिए ान की बात मैंने कही है। इस सम्बन्ध में श्री धर्मवीर, जो इस प्रदे ा के गवर्नर रह चुके हैं, रिटायर्ड आई0सी0एस0 हैं, गवर्नमैंट आफ इंडिया में कैबिनेट सैकेट्ररी रह चुके हैं, की चेयरमैन ि ाप में गवर्नमैंट आफ इंडिया ने एक कमी ान बनाया था और उस कमी ान ने यह सिफारि ा की थी कि पुलिस को ऐसोसिए ान बनाने की इजाजत दी जाए और चौदह प्रदे ाों ने ऐसोसिए ान बनाने की इजाजत दे रखी है। लेकिन उनकी मांगों को पूरा करने की बजाय उन पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया गया। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, इनकी मु ि कल यह हो गई है कि ये सब को अपने जेसा ही समझते हैं क्योंकि इन्होंने हमे ाा गलत काम किए हैं और आगे भी करते रहते हैं। मैंने हमे ाा इनको चैलेन्ज किया है। चार सल तक इनका राज रहा और जब इनका राज नहीं था, तब भी इनको मेरा और मेरे दामाद का फोबिया रहता था। चार साल इन्हौंने खूब जोर लगा लिया। बाल मात्र भी कोई कमी ये लोग नहीं निकाल सके। वरना क्या ये लोग भजन लाल को बक ाने वाले थे ? एक पेपर ने कुछ लिख दिया कि नब्बे लाख का भजन लाल के दामाद को कर्जा दिया है। पेपर लिखता है –

"हरियाणा वित्त निगम ने राज्य में मुख्य मंत्री भजन लाल के दामद की कंपनी भानू इंडस्ट्रीज को 90 लाख रूपये का कर्ज देने का फैसला किया है। निगम के बोर्ड ने पिछले महीने की

22 तारीख को हुई बैठक में भानू इंडस्ट्रीज को 90 लाख रूपये के कर्ज देने की मंजूरी दी गई। जानकार सूत्रों के अनुसार बोर्ड की बैठक में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के प्रतिनिधि ने कहा कि भानू इंडस्ट्रीज का जिन बैंकों से लेन देन है उन से यह प्रमाण पत्र लिया जाए कि अगर वित्त निगम इस कंपनी को 90 लाख रूपये का कर्ज देता है तो उन्हें कोई एतराज नहीं है। इस पर निगम के प्रबन्धक निदे ाक अजीत एम0 ारण ने बोर्ड को बताया कि अगर निगम भानू स्टील इंडस्ट्रीज के नाम कुछ बैंकों की काफी रा ि ा बकाया है। भजन लाल के 1991 में दोबारा मुख्य मंत्री बनने के बाद उनके दामाद अनूप बि नोई को हिसार स्थित उद्योग समूहों को यह दूसरा बडा कर्ज मंजूर किया गया है। इससे पहले पिछले वर्श भानू स्टील इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड को 78 लाख 15 हजार रूपये का कर्ज दिया गया था। तब भी एक राश्ट्रीयकृत बैंक के प्रतिनिधि ने कहा था कि उनके बैंक के इस कंपनी से बकाया रा ि ा की अदायगी करने के बारे में कोई प्रस्ताव नहीं मिला। प्रबन्ध निदे ाक अजीत एम0 भारण ने बोर्ड को इतलाह दी थी कि भानू स्टील्ज ने बैंक को हिसार भााखा को बकाया रा ि ा की अदायगी के बारे मे ंअपने प्रस्तावों की जानकारी दे दी है।

अध्यक्ष महोदय, सब बैंको ने उन्होंने पहले पूछा, फिर लोने लेने के लिए कहा। बैंकों ने कहा कि क्या कोई संस्था दुनिया में, हिन्दुस्तान में चाहे कोई टाटा हो, बिडला हो और चाहे गवर्नमैंट हो, बगैर कर्जा लिये काम चला सकते हैं ? वित्त निगम

का काम कर्जा देना है ओर ज्यादा कर्जा अगर वह देता है तो हम उसको इनाम देते हैं कि उस निगम ने अच्छा काम किया है और इतना ज्यादा कर्जा लोगों को दिया है। अगर कोई ले के वापिस न दें और भजन लाल का दामाद कर्जा लेकर खा जाए, तो बहुत बुरी बात है। चाहे भजन लाल क्यों न हो, भजन लाल का अगर कोई दामाद है तो क्या वह चोरी करेगा, डाका डालेगा ? कोई काम करना गुनाह नहीं है। किसी किसान का बेटा अगर काम करे तो उसका तो इनको एतराज है लेकिन टाटा, बिडला, चाहे अरबों रूपया ले लें, उसका इनको कोई एतराज नहीं है ? किसी आदमी पर इलजाम लगाने से पहले आपको सोचना चाहिये था। इलजाम लगाने से पहले इनको अखबार अच्छी तरह से पढ लेनी चाहिये थी, लेकिन इन्होंने पढी नहीं। अगर ये ध्यान से पढते तो ऐसी बातें सदन में न कहते। 80–90 लाख रूपये की क्या बात है, लोग तो 100–100 व 200–200 करोड रूपये लोन लेते हैं। अगर कोई लेकर के वापिस न करे तो बुरी बात है। अध्यक्ष महोदय, अगर कोई आदमी स्टेट के अन्दर इंडस्ट्रीज लगाएगा तो उसको कर्जा लेना ही पडेगा। किसान टयूबवैल्ज के लिये कर्जा लेता है। छोआ से काम करता है, उसके लिए लोन लेता है, ट्रैक्टर के लिये लोन लेता है। किसानों के लिए भी कोई नीति है, पालिसी है, उसी के तहत निगम कर्जा देती है और वह भी सारी कागजी कार्यवाही पूरी करने के बाद ही निगम कर्जा देता है। अगर एक पाइ की भी गलती मेरे दामाद में निकाल दोगे तो भजन लाल देगा। मैं उन लागों में से नहीं हूं जैसा कि इनके नेता चौधरी देवी लाल जी ने

कह दिया था कि चौधरी औम प्रका ा मेरा बेटा ही नहीं है। (हंसी) बहुत से लोग इस तरह की जिम्मेवारी कभी नहीं लेंगे। मैं यह नहीं कह सकता कि दामाद की मेरी क्या जिम्मेवारी है, लडके की मेरी क्या जिम्मेवारी है, लेकिन अनूप बि नोई मेरा दामाद है और मुझे उस खानदान पर फक्र है। मैं फिर कहता हूं कि अगर एक पाई की भी गलती ये लोग निकाल देंगे, निगम निकाल देगा तो भजन लाल देगा। उसको मांगने की इन लोगों को चिन्ता नहीं करनी चाहिये। (ाोर)

श्री अध्यक्षः No interuption, no discussion please.

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री महोदय ने जवाब दिया है और आप ने भी सुना है। हमें भी बोलने का मौका मिलना चाहिये। (ाोर) उन्होंने उत्तर दिय है, हम पर ऐलीगे ान लगाए हैं, उसका तो हमें जवाब देना ही पडेगा। (ाोर)

श्री अध्यक्षः पहले आप अपने काल अटैन्ा ान मो ान की बात सुनें। (ाोर) आपका पहला काल अटैं ान मो ान था regarding lathi charge on peaceful demonstration by women at Kurukshetra. That has been disallow now.

डा0 राम प्रका ाः स्पीकर साहब, मैंने कल दो ध्यानाकर्शण प्रस्ताव दिए थे ..... (ाोर)

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, मैं एक बात कहना चाहता हूं .....

श्री अध्यक्षः मैंने आपको कह दिया है कि वह अंडर कंसिड्रे ान है, आप बैठिए। (ाोर)

डा0 राम प्रका ाः अध्यक्ष महोदय, मेरा दूसरा ध्यानाकर्शण प्रस्ताव स्कूलों और कालेजों में ..... (ाोर)

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, जब मुख्य मंत्री जी ने अपनी स्टेटमैंट दी है तो हमें भी बोलने की इजाजत होनी चाहिए। (ाोर)

श्री अध्यक्षः नहीं, बाप बैठें। (व्यवधान)

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, ये फाइनैंि ायल कारपोरे ान को लूट कर खा गए हैं, इसलिए हमें भी बोलने दें। (ाोर)

(इस समय बहुत से सदस्य बोलने के लिए खडे हुए)

श्री अध्यक्षः जो आपने काल अटैं ान मो ान दिया था, वह पहले अंडर कंसिड्रे ान था लेकिन अब वह डिस अलाउ किया जाता है। वह डिस अलाउ हो गया है, इसलिए आप बैठें (ाोर)

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, जो इन्होंने अपनी स्टेटमैंट दी है, उस पर मैं भी कुछ कलैरिफिके ान देना चाहता हूं। (ाोर)

श्री सतबीर सिंह कादयान (नौल्था): जो यह पंचायती राज बिल, 1994 पे ा किया गया है लोगों को इस बिल के पे ा होने से पहले बहुत आ ाा थाी। डिप्टी स्पीकर साहब, इस बर्बरतापूर्ण तरीके से उन पर लाठीचार्ज किया गया कि 150 के करीब कर्मचारियों को चोटें आई। मैंने कहा है कि इसको देख लेंगे। मैंने कोई आउट राइट इसको रिजैक्ट नहीं किया। लेकिन इस मामले में बहुत गहराई से विचार करने की जरूरत है क्योंकि यह मामला बडा सैंसटिव है। एक मिनट में कोई बात ऐसी कह देंगे तो बडी मु कल हो जाएगी हमारे लिए। चाहे फौज हमारे अण्डर न हो लेकिन यह बात सारे मुल्क की है। जब मुल्क में पुलिस की ऐसोसिए ान बना देंगे तो क्या फौज आपसे ऐसोसिए ान बनाने की मांग नहीं करेगी ? स्पीकर साहब, इस मामले में बहुत सोचने की जरूरत है। हिसार में लोडिड ट्रकों की हवा निकाल दी और उनके नम्बर भी दिए हैं। स्पीकर साहब, इस बारे में मैं क्लीयर कहना चाहता हूं कि प्रदे ा में कुछ फैक्टरीज के मालिक हैं। उन्होंने सेल्ज टैक्स की चोरी करने के लिए प्राईवेट ट्रक ले रखे हैं। कुछ ट्रैक्स ऐसे हैं जो इनके खुद के नहीं हैं और उनके बारे में कहते हैं कि ये हमारे ऐसोि ाएट ट्रक हैं। हमारे साथ जुडे हुए ये ट्रक हैं। ट्रक यूनियन से ट्रक नहीं निकलवाते। सीधे फैक्टरी से माल लादा और दिल्ली ले गए। रिकार्ड में उनको दिखाओ या न दिखाओ। हम ऐसे ट्रकों को बिल्कुल नहीं जाने देंगे। सैल्ज टैक्स की चोरी को बचाना है जिससे कि प्रदे ा की जो इनकम है उसको नुकसान न हो। टैक्स

का सवाल है उसमें हेराफेरी करने की किसी आदमी को इजाजत नहीं देंगे। मैं कहता हूं कि टैक्स की चोरी करने की बिल्कुल किसी करे इजाजत न दी जाए मगर क्या मुख्य मंत्री ने हिसार की ट्रक ऐसोसिए ान को अधिकार दे रखा है कि टैक्स की चोरी वे बताएं और क्या ट्रक ऐसोसिए ान कानून के तहत किसी को मजबूर कर सकती है कि कोई व्यक्ति ट्रक लाद नहीं सकता उपाध्यक्ष महोदय, इस बजट में कर्जा माफी का जिक्र भी आया है। यह बात ठीक है कि कुछ तो किया गया है। मुझे याद है जब यूनियन में सब को नम्बर दिखाना पडता है और बारी से जिसका नम्बर आ जाए वह ट्रक लोड करता है। स्पीकर साहब, इसमें भाई चारे की बात है। इसमें क्या है कि जब कोई ट्रक जाता है तो बाकायदा बिल्टी कटती है जिसको टी0आर0 कहते हैं यानि ट्रक रिसीट और उस ट्रक रिसीट को बाकायदा सैल्ज टैक्स वाले जब वह खत्म हो जाती है तो अपने साथ ले जाते हैं। इससे यह पता लगता है कि कौन कौन सा ट्रक लदा, किसका माल लोड हुआ और आगे किस फर्म में जाकर उतरा। उसकी चैंकिंग करते हैं कि माल यहां से गया और आगे माल उतरा या नहीं उतरा। अगर रिकार्ड ही नहीं होगा तो कारखानेदार अपना माल सीधा ही लोड करके फैक्टरी से सीधा ले जाएगा। टैक्स उसका टैक्स किससे लेंगे ? बैरियर पर भी अपने ही भाई भतीजे बैठे हैं, बैरियर और किसी के थोडे ही हैं, वे भी अपने ही हैं। जो आदमी ऐसे ट्रक लोड कर सकता है तो क्या बैरियर वालों को कुछ दे लेकर उसे टपा नहीं सकता। लेकिन हम उसको भी चैक करेंगे। जहां से ट्रक

में माल लदता है और जहां उतरता है वहां पर ट्रक को चैक होना चाहिए। बाकी की जगह पर तो देखिए कि रि वत ली जाती है और बिना काम के हैरासमैंट होती है, चीजें महंगी होती हैं, टाईम लगता है और रोड ब्लौक होती है। स्पीकर साहब, मैं यह समझती हूं कि ट्रक वाले जो ड्राइवर्ज हैं वे भी तो हमारे ही हैं। यह हो सकता है कि किसी के पास ज्यादा ट्रक हों। ट्रक ओनर बेचारे कुछ ऐसे भी हो सकते हैं जो खुद ट्रक चलाते हैं। वे खुद ट्रक ओनर हैं और खुद ड्राईवर हैं और उनकी भी हैरासमैंट इतनी ही होती है क्योंकि जगह जगह विदे ाों की तरह बैरियर बने हुए हैं। स्पीकर साहब, मैं मुख्य मंत्री जी से यह कहना चाहती हूं कि जो बैरियर हैं ये नहीं होने चाहिये। मैं इसके अगेन्स्ट कोई दलील नहीं दे रहा हूं बल्कि यह कह रहा हूं कि सैक ान 4 को इतना रोजोडली लागू नहीं करना चाहिये जिससे कि किसान परे ाान हों और उनके नाक में दम आ जाये। (व्यवधान व भाोर)

उपाध्यक्ष महोदय, बजट में यह कहा गया है कि हम टैक्स की प्रणाली को सरल बनायेंगे। एक बात मैं इसके बारे में कहना चाहता हूं। हिन्दुस्तान में हिमाचल प्रदे ा एक ऐसी स्टेट है। जिसने पहली बार यह काम करके दिखा दिया है कि सेल्ज टेक्स पहली स्टेज पर लगेगा। रेटस के बारे में अर्ज यह है कि व्यापारियों के नुमाइंदे तथा यूनियन के नुमाइंदे बैठ कर आपस में रेट तय किया करेंगे ताकि किसी को नुक्सान न हो और महंगाई भी न बढे लेकिन चोरी को रोकने के लिये तो हम उपाय करेंगे

ही, वह तो हमें करने ही पडेंगे। स्पीकर साहब, नारनौल के अन्दर पत्रकारों की पिटाई हुई, यह एक निन्दनीय बात है। स्पीकर साहब, इस सदन के अन्दर बुढापा पैन् ान का भी जिकर किया गया। अध्यक्ष महोदय, पहली सरकार ने वोट लेने के लिए 65 साल से वृद्धावस्था पैन् ान भुरू की लेकिन पैन् ान पाने के लिये जो सही हकदार थे उनको पैन् ान नहीं मिली। 55–55 साल के जो इनके चहेते थे, उनको तो पैन् ान मिली लेकिन गरीब और सही आदमियों को पैन् ान नहीं मिली। 50–55 साल के पैन् ान तो ले रहे हैं लेकिन 60–70 साल के जो बूढे हैं उनको पैन् ान नहीं मिल रही है। यमुनानगर जिले के छछरौली का एक मामला हमारे नोटिस में आया है। एक गांव में उन आदमियों को मरे कम से कम 12–12 व 15–15 साल हो गये और ये लोग उनके नाम की पैन् ान बांट रहे हैं। कौन ले रहा है, कौन अंगूठा लगाकर के ले रहा है, इसको कुछ पता नहीं है ? उस गांव के लोगों ने ि ाकायत की कि वहां के डी0सी0 से इसकी रिपोर्ट लें। स्पीकर साहब, इस सरकार के वक्त के डी0सी0 ने नहीं बल्कि इनकी पिछली सरकार के डी0सी0 ने इस बारे में रिपोर्ट दी। गांव के लोगों ने ि ाकायत की कि साहब गलत पैन् ानें बांटी जा रही हैं और वे अफसर गलत अंगूठा लगवा करके पैसे अपने जेबों में डाल रहे हैं। डी0सी0 की रिपोर्ट पर उस अफसर को हमने सैस्पैन्ड किया है। इस तरह के बहुत से केसिज लोगों ने हमें बताये हैं। एक बुजुर्ग हमारे पास आये और उन्होंने कहा कि मुझे पैन् ान नहीं मिल रही है। मैं और चौधरी भोर सिंह उस वक्त दोनों साथ

थे। हमने कह कि तेरी उम्र क्या होगी तो उसने कहा कि मुझे पैन् ान नहीं मिल रही, मेरा बेटा ले रहा है। इसी तरह से चौधरी बंसी लाल जी ने इन्कम टैक्स की लिमिट के बारे में जो 22 हजार से बढाकर 60 हजार करवाने की बात कही है उसको भी केन्द्र सरकार के साथ अव य टेक अप करें, यह मेरी रिकवैस्ट है। मेरा प्वायंट आफ और्डर है। मुख्य मंत्री जी ठीक कह रहे हैं। ऐसी बातें हो जाती हैं कि कम उम्र वालों को पैन् ान मिली है। स्पीकर साहब जहां आठ लाख लोगों को पैन् ान मिल रही हो, जहां इतने लोगों की संख्या इनवौल्व हो, वहां तो आप खुद जानते हैं कि अगर एक परसैंट भी ऐरर मानेंगे तो उसमें भी कितने आदमी आ जाते हैं लेकिन सरकार बाकायदा हर साल उसकी इन्कवारी करवाती थी और जब ऐसे नामों का सबूत मिल जाता था तो उनका नाम डिलीट भी किया जाता था। ऐसी कोई बात नहीं कि हम कोई नई बात कर रहे हैं, इतने लाखों लोगों में गल्तियां रह जाती हैं। यदि कोई अफसर गलती कर देता था या कोई दूसरा कर्मचारी गलती कर देता था तो नोटिस में आने के बाद गलत आदमी का नाम डिलीट कर देते थे।

सवाल तो नीयत का है, गलती तो हो सकती है। मेरे से भी हो सकती है और आपसे भी हो सकती है। सवात तो यह है कि इनकी नीयत कैसी थी, मरे हुए लोगों की पैन् ान लेते रहे हैं। गलती से तो एक बार कोई दूसरा आदमी ले जा सकता है लेकिन तीन साल लगातार लेते रहे। अध्यक्ष महोदय, इसके बाद मैं

कृशि से संबंधित कुछ बातें कहना चाहता हूं। स्पीकर साहब, कुछ सल पहले रेवेन्यू पास बुक्स किसानों के लिये बनीं। इनके लिये पांच पांच रूपये किसानों से लिये गये। मैं कहता हूं कि करप ान में कम से कम 30 परसैंट राहत मिल सकती है। यदि किसानों की पास बुक्स को बैंक पास बुक्स की तरह बना दिया जाए। ऐसा करने से जमींदारों को किसी वकील के पास नहीं जाना पडेगा। इसके अलावा, एक और मुसीबत की बात किसानों के साथ जुडी हुई है। अगर उसके खेत में हजार मन कपास पैदा हो जाए, उसकी लिमिट नहीं बढेगी ओर अगर वही कपास किसी फैक्टरी में चली जाए तो उसकी 10 लाख 5लाख की लिमिट बन जाएगी। मेरा कहना यह है कि होलडिंग के हिसाब से लिमिट बननी चाहिये। इसलिये मेरा सुझाव है कि अगर किसान की रेवेन्यू पास बुक को, बैंक पास बुक की तरह से बना दिया जाए तो जो पटवारी किसान की खाल नोचता है, उससे छुटकारा हो सकता है किसान लीगल ऐडवाईजर से भी बच जाएगा और उसे राहत भी मिल जाएगी। अगर रेवन्यू पास बुक, बैंक पास बुक्स की तरह हो जाएगी तो किसान जो चीज बेचेगा, उसमें दर्ज हो जाएगी, जो चीज खरीदेगा उसमें दर्ज हो जाएगी इससे उसे तरह तरह की मुसीबातें से छुटकारा मिल जाएगा और बाकायदा किसान को राहत मिलेगी। इसके इलावा, खेती की जमीन पर बहुत जयादा भार आ गया है, कृशि पर सारा बोझ टिक गया है। अब कृशि की 18 एकड की लिमिट है। पिछले दिनों यह होड लग गई कि कहीं यह लिमिट और न घट जाए। ताऊ के राज में यह नारा लग गया कि केवल

5 एकड जमीन होगी। वकीलों की चांदी बना दी और सबने बेनामी ट्रांजैक ान करवा लिये। दो–दो, तीन तीन एकड की होलडिंग बन गई। अब आप बताओ कि हरिजन काम करने के लिये कहां जाएगा ? हरिजन के रोजगार का तो किसान के कन्धों पर दारोमदार है। अगर किसान सुखी तो हरिजन दुखी। अगर किसान दुखी है तो हरिजन दुखी। दोनों का आपस में बहुत तालमेल है। हरिजन तो किसान के खेतों में ही काम करता है। अगर किसान की औलाद ही उसके अपने खेतों में काम करने की लिये काफी है तो हरिजन कहां समाएगा ? इसलिये मैं कहता हूं कि ऐग्रोबेसड इंडस्ट्रीज जो आप लगाएं, इससे जमीन पर बोझ कम होगा, जमीन की तरफ लोग कम दौडेंगे और दूसरी इंडस्ट्रीज की तरफ लोगों का आकर्शण हो जाएगा और उद्योग धन्धों में वे अपना मन लगाएंगे। मैं एक सुझाव और देना चाहता हूं कि आपने बहुत अच्छा काम किया है कि एक लाख रूपया नै ानल ि ाडयूल्ड कास्टस कार्पोरे ान से लोन लेकर, जिसमें 60 प्रति ात लोन कार्पोरे ान देती है, 35 प्रति ात हरिजन कल्याण निगम देती है और 5 प्रति ात मार्जिन मनी होती है। स्पीकर साहब, मेरे हिसाब से हमारे पास सैंटर का भोयर आ जाता है लेकिन स्टेट का भोयर कन्ट्रीब्यूट नहीं होता। मुख्य मंत्री जी ने क्वै चन आवर में स्वयं माना कि जमीन के भाव बहुत बढ गए हैं, एक लाख या डेढ लाख रूपए किल्ले से कम भाव नहीं है। 70000 रूपए किल्ला तो टिब्बों की जमीन का रेट हो गया है। तो कार्पोरे ान से कह कर यह भोयर ज्यादा बढाएं। आप कार्पोरे ान से ज्यादा पैसा लें। हरिजनों

